# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र.2375/परीक्षा/2025 रायपुर, दिनांक 07/11/2025

प्रति,

**प्राचार्य/अध्यक्ष,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर।

विषय :— सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर—जनवरी 2025—26 आयोजन के पूर्व परीक्षार्थियों से लिये जाने वाले शुल्क के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर—जनवरी 2025—26 का आयोजन 28 नवंबर 2025 से किया जाना है। इसके पूर्व कई महाविद्यालयों द्वारा पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित किया गया है कि अनेकों छात्र—छात्राओं द्वारा निर्धारित समय पर महाविद्यालय से संबंधित शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन भरने एवं प्रवेश—पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के ऑनलाइन होने के कारण महाविद्यालयों को सूचित किये बिना छात्र—छात्रायें ऑनलाइन प्रवेश—पत्र प्राप्त कर परीक्षा में सम्मिलित हो जाते हैं।

इस प्रकार के प्रकरणों के संबंध में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/अध्ययनशलाओं को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर/मुख्य परीक्षा के प्रवेश—पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिन पूर्व सभी छात्र—छात्राओं को महाविद्यालय से संबंधित सभी प्रकार के शुल्कों का भुगतान करने हेतु महाविद्यालय अपने नोटिस बोर्ड पर एवं छात्रों के व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से सूचना प्रसारित करेंगे।

इसके पश्चात भी निर्धारित अवधि में महाविद्यालय से संबंधित शुल्क जमा नही करने वाले छात्र—छात्राओं की पाठ्यक्रम अनुसार सूची विश्वविद्यालय को प्रवेश—पत्र जारी होने की तिथि के 07 दिवस के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रेषित करें, ताकि ऐसे छात्रों की ऑनलाइन प्रवेश—पत्र रोकने की प्रक्रिया पर विचार किया जा सके, अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/अध्यक्ष स्वयं उत्तरदायी होंगे।

आदेशानुसार,

7/11/25

**कुलसचिव**

पृ.क्र.2376/परीक्षा/2025 रायपुर, दिनांक 07/11/2025

**प्रतिलिपिः—**

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/संचालक, महाविद्यालयीन विकास परिषद, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,
2. स.कु.स.,गोपनीय/उ.कु.स.,अका./उ.कु.स.,विकास, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
3. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
4. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,सहकारी संघ मर्यादित 320AD,इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड,रांची—झारखंड, पिन नं— 834008,
5. प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर
6. वित्त नियंत्रक/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र (गोप.)/वि.वि.मुद्रणालय,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
7. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे,
8. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,को सूचनार्थ।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

letter 2025 p-285